आर.एन.आई. नं. RAJBIL/2010/52404

परम पू. कैलाश जी 'मानव'

सेवा सौभाग्य



संत-समुदाय का मिला अनवरत आशीर्वाद

प्रयागराज कुम्भ में दिव्यांग चिकित्सा एवं सेवा शिविर को बताया अनूठा

मूल्य » ₹ 5 • वर्ष-08 • अंक » 88 • मुद्रण तारीख » 1 मार्च-2019 • कुल पृष्ठ » 24

नारायण महावीर प्राकृतिक चिकित्सालय

प्रकृति ही हमारी सच्ची स्वास्थ्य रक्षक है

राजस्थान का कश्मीर कही जाने वाली झीलों की नगरी उदयपुर से 15 कि.मी दूर अरावली पर्वतमाला की सुरम्य वादियों के आंचल में लियों का गुड़ा गांव स्थित नारायण सेवा संस्थान के सेवा महातीर्थ परिसर में नारायण महावीर प्राकृतिक चिकित्सालय असाध्य रोगों से ग्रस्त उन महानुभावों को आरोग्य प्रदान कर रहा है जो अन्य चिकित्सा पद्धतियों से निराश हो चुके थे तथा इन रोगों को अपनी नियती मानकर अभिशप्त जीवन जी रहे थे। ऐसे ही निराश महानुभावों को संस्थान में पधार कर स्वास्थ लाभ लेने का सादर आमंत्रण है।

- पूर्णतः प्राकृतिक वातावरण में प्राकृतिक चिकित्सा विधि से नाना प्रकार के रोगों का इलाज ।
- चिकित्सालय में भर्ती होने वाले रोगियों की दिनचर्या प्राकृतिक चिकित्सक के निर्देशानुसार निर्धारित होती है।
- रोगियों को उनकी स्वास्थ्य समस्याओं के अनुसार आहार चिकित्सा दी जाएगी।
- आवास एवं भोजन की सुव्यवस्था।

नेचुरोपैथी के साथ योगा थेरेपी एवं एडवांस एक्यूपंक्चर थेरेपी भी उपलब्ध है। सम्पर्क करें:- 0294 6622222, 09649499999

/nssudaipur /narayansevasansthan /@narayanseva_ narayansevasansthan

नारायण सेवा संस्थान
नर सेवा नारायण सेवा



सेवा सौभाग्य
1 मार्च, 2019

वर्ष 08 अंक 88 मूल्य ₹ 05

कुल पृष्ठ » 24

संपादक मंडल

मार्ग दर्शक » कैलाश चन्द्र अग्रवाल
सम्पादक » प्रशान्त अग्रवाल
डिजाइनर » विरेन्द्र सिंह राठौड़

संपर्क (कार्यालय)

नारायण सेवा संस्थान
नर सेवा नारायण सेवा

नारायण सेवा संस्थान

हिरण मगरी, सेक्टर-4
उदयपुर (राज.)-313002
फोन नं. : 0294-6622222
मो नं. : 09649499999

Web » www.narayanseva.org
E-mail » info@narayanseva.org

CONTENTS

इस माह में

पाठकों हेतु

सहाल सीखें अपने प्रति विश्वास जगाना 05

कुम्भ क्षेत्र संत-समुदाय का मिला अनवरत आशीर्वाद 10

सहायता शिविर दिव्यांगों को मिले सहायक उपकरण 14

अन्य स्तंभ

- अपनों से अपनी बात 04
- क्षमताओं को व्यापक बनाएं 06
- माउंट विन्सन पर फहराया तिरंगा 07
- आर्ट एवं क्राफ्ट सेंटर का शुभारम्भ 08
- प्रवासी सम्मेलन में नारायण सेवा 08
- कालिंदी का दुःख होगा दूर 09
- दुनिया देखेगा मुकेश 09
- फिजियोथेरेपी सेन्टर का लोकार्पण 12
- भजन गायकों का संस्थावलोकन 12
- एनसीए का खेल उत्सव 12
- श्री राम-कृष्ण कथा अमृतम् 13
- फरीदपुर में टेलेंट शो 15
- झीनी-झीनी रोशनी 16
- दानवीर भामाशाहों का आभार 16
- दान सहयोग हेतु अपील 17
- शिविर सहयोग 18
- संस्थान के आश्रम 21

अपनों से अपनी बात

पू. कैलाश 'मानव'

पुण्य की मुद्रा

मनुष्य को अपना जन्म सार्थक करने के लिए परोपकार के मार्ग पर चलना चाहिए। जो लोग जीवन में सिर्फ अपना ही हित सोचते हैं-उनका जीवन व्यर्थ है।

एक धनाढ्य सेठ ने एक रात सपने में देखा कि यात्रा के दौरान उसकी कार के ब्रेक अचानक फेल हो गए और कार सैकड़ों फिट गहरी खाई में गिर पड़ी। दुर्घटनास्थल पर ही उसकी मृत्यु हो गई। यमदूत उसे उठा ले गए। स्वर्ग के द्वार पर देवराज इन्द्र ने सेठ का स्वागत किया। सेठ के हाथ में बड़ा-सा बैग देखकर उन्होंने ने सेठ से पूछा- इसमें क्या है? इस पर सेठ ने उत्तर दिया- इसमें मेरे जीवनभर की कमाई है। देवराज ने एक तरफइशारा करके सेठ से कहा- इसे वहां रख आराम कीजिए तत्पश्चात् सेठ ने वहां आराम किया। थोड़ी देर के बाद सेठ स्वर्ग के बाज़ार में निकला। एक दुकान से बहुत-सी वस्तुएँ खरीदने के बाद सेठ ने अपने बैग में से नोट निकाले तो दुकानदार ने कहा कि यह मुद्रा यहाँ नहीं चलती। वह दुकानदार की शिकायत लेकर देवराज के पास गया। देवराज ने उसे समझाया-एक व्यापारी होकर इतना भी नहीं जानते कि एक देश की मुद्रा दूसरे देश में नहीं चलती। आप मृत्युलोक की मुद्रा स्वर्गलोक में खपाना चाहते हो? सेठ रोने लगा। वह बोला कि उसने दिन-रात चैन नहीं लिया, माता-पिता, गरीब-असहायों की सेवा छोड़ दी, पत्नी-बच्चों की सेहत का ध्यान नहीं रखा, किसी की सहायता नहीं की सिर्फ पैसा ही कमाया, पर सब व्यर्थ हो गया। देवराज ने कहा- धरती पर रहकर आपने जो अच्छे कर्म किये हों जैसे- किसी भूखे को भोजन कराया हो, किसी अनाथाश्रम-वृद्धाश्रम में दान दिया हो.....आदि पुण्य ही यहाँ की मुद्रा है। उसी धन से आप स्वर्ग के सुखों का आनंद ले सकते हैं। अन्यथा आपको नर्कलोक जाना होगा। तभी सेठ की नींद खुल गई और उसने जीवन में सद्कर्म का निर्णय लिया। मनुष्य को अपना जन्म सार्थक करने के लिए परोपकार के मार्ग पर चलना चाहिए। जो लोग जीवन में सिर्फअपना ही हित सोचते हैं, उनका जीवन व्यर्थ है।

प्रेरक प्रसंग

'सेवक' प्रशान्त भैया

तूफान का सामना

खरगोश के समान तेज भागकर विश्राम करने से लक्ष्य की प्राप्ति नहीं होती बल्कि कछुए के समान बिना रूके लगातार चलते रहने से ही लक्ष्य हासिल होगा।

लड़की कार चला रही थी। पास वाली सीट पर पिता बैठे थे। कुछ आगे तेज तूफान दिखाई देने लगा। लड़की पिता से बोली- कार रोक दूँ?

पिता ने उत्तर दिया- नहीं, कार मत रोको। चलती चलो। कुछ आगे जाने पर तूफान का वेग और तेज हो गया। लड़की कार पर सही तरीके से नियंत्रण नहीं रख पा रही थी। उसने पिता से पुनः पूछा- अब तो रोक दूँ? उसने देखा कुछ कारें वहीं सड़क के किनारों पर खड़ी थीं और उनके चालक तूफान के गुज़रने के इंतज़ार में थे। बहुत मुश्किल से वह स्टेयरिंग पर नियंत्रण रखती हुई, पिता की आज्ञानुसार लगातार कार चलाती रही और 2-3 किमी. आगे जाने के बाद पिता ने उसे कार रोकने के लिए कहा। कौतूहलवश वह पिता से पूछ बैठी- आपने उस समय रूकने के लिए क्यों नहीं कहा जब मैं तूफान में बड़ी मुश्किल से कार चला पा रही थी और अब आप रूकने के लिए कह रहे हैं, जबकि तूफान गुज़र चुका है।

इस पर पिता ने कहा- ज़रा पीछे मुड़कर देखो। लड़की ने देखा तो पाया कि पीछे तूफान का वेग बढ़ गया है जबकि वह तूफान को पार करके आगे निकल चुके हैं। पिता ने बेटी को समझाया- परिस्थिति बेहतर होने की प्रतीक्षा में लोग जीवनभर वहीं रह जाते हैं जबकि जो लोग तूफान के बीच से रास्ता बनाते हुए आगे आगे बढ़ते हैं, वे ही सफल होते हैं और अपने लक्ष्य को प्राप्त करते हैं। मित्रों! सतत् रूप से किये गये छोटे-छोटे प्रयासों से बड़े से बड़ा लक्ष्य भी प्राप्त किया जा सकता है। खरगोश के समान तेज भागकर विश्राम करने से लक्ष्य की प्राप्ति नहीं होती बल्कि कछुए के समान बिना रूके लगातार चलते रहने से ही लक्ष्य हासिल होगा। राह में बाधाएँ कितनी ही क्यों न आएँ परंतु प्रयास सदैव अनवरत् होने चाहिए। चरेवैती। चरेवैती।

सलाह

सीखें अपने प्रति विश्वास जगाना

विश्वास जीवन के हर पड़ाव में महत्वपूर्ण है।लेकिन कई बार आपके अतिविश्वसनीय होने के बावजूद लोगों पर आपको विश्वास करना मुश्किल हो जाता है। लेकिन कुछ ऐसे व्यवहार भी हैं जो किसी को भी उसके दोस्तों , फेमिली , पार्टनर यहां तक कि सहकर्मियों को अपने ऊपर विश्वास करने के लिए मजबूर कर सकते हैं। तो देखिए कि क्या आपके व्यवहार में ये विशेषताएं शामिल हैं या इनमें से किसी को अपनाने की जरुरत है?

मस्त रहें

एक अच्छे मित्र के साथ अपना खाली समय बिताना अच्छी बात है। लेकिन खूब सारे दोस्त होने में भी कोई बुराई नहीं है। लोग आमतौर पर उन्हीं पर विश्वास करते हैं जिनके अच्छे दोस्त होते हैं या दोस्तों के दोस्त होते हैं। दूसरे शब्दों मे कहें तो एक मस्त व्यक्ति बनें, जिसके दोस्त हों।

चीजों को समय पर पूरा करें

अगर आपने किसी तयशुदा वक्त में किसी काम को पूरा करने का वादा किया है तो फिर उसे हर हाल में पूरा करें। यदि आपने किसी के साथ जाने या किसी काम को करने का वादा किया है तो आपातकालीन परिस्थितियों को छोड़कर उसके साथ जरुर जाएं। अपने वादे पूरे करने व डेडलाइन्स के भीतर काम करने से लोगों का आप पर विश्वास बढ़ेगा।

शर्मिंदा होने में बुराई नहीं

कोई भी व्यक्ति अपने आप में पूर्ण नहीं है इसलिए आपके लिए स्थिति कभी ज्यादा तो कभी कम शर्मिंदा करने वाली हो सकती है। इस स्थितियों से आपके निपटने का तरीका आपकी विश्वसनीयता को दिखाता है। अगर आप इनमें तनावग्रस्त हो जाते हैं या चिढ़ने लगते हैं तो लोग आप पर भरोसा नहीं करेंगे। एक बार इस स्थिति को पूरी शिष्टता से स्वीकार कर लेंगे तो आप खुद को विश्वसनीय बना पाएंगे।

आंखों का संपर्क बनाएं

एक आम धारणा जो कभी कभार गलत भी साबित होती है कि अगर कोई व्यक्ति आपसे आंखे नहीं मिला रहा है तो वह आपसे कुछ छिपा रहा है। यह धारणा आधारहीन है फिर भी लोग उस पर विश्वास करते हैं। ऐसे में अगर आप लोगों से सौम्यता के साथ आंखों का संपर्क रखेंगे तो आप उनकी नजर में खुद को ईमानदार और विश्वसनीय दिखा पाएंगे।

क्षमा-याचना

अगर आप किसी को कोई रिक्वेस्ट कर रहें हैं तो अपनी बात को 'आई एम सॉरी' से भी शुरु कर सकते हैं। ऐसा करने से आप खुद को आसानी से विश्वसनीय साबित कर पाते हैं। उदाहरण के लिए अगर आपके मोबाइल की बैटरी बंद हो गई है और आपको घर पर फोन करना है तो किसी से फोन मांगने के लिए अपनी रिक्वेस्ट की शुरुआत आई एम सॉरी से कर सकते हैं।



महत्वाकांक्षा

क्षमताओं को व्यापक बनाएं

ऊर्जा व उद्देश्य रखने वाले सफलता पाते हैं। जो माता - पिता कठिन परन्तु वास्तविक चुनौतियों का सामना करते हैं, वे सफलता का अनुमोदन करते हैं, सफलता को सहज लेते हैं और उनके बच्चे अधिकतम आत्मविश्वासी होते हैं।

समय आने पर संसार सभी प्रश्नों का उत्तर पा जाता है। सपनों को जीना आरंभ करने पर शक्ति आती है। प्रत्येक संघर्ष में मील का पत्थर बनने के लिए महत्वाकांक्षा जीवन का प्राणतत्व है। महत्वाकांक्षा सबसे दृढ़ एवं रचनात्मक शक्ति है। जीवन का अर्थ महत्वाकांक्षा है। यह उर्जा और दृढ़ता का समन्वय है। जहां स्पष्ट लक्ष्य नैतिक संरचना के साथ होते हैं।जीतना या प्राप्त करना सभी को प्रिय लगता है। जीतना गति की तीव्रता को कई गुना बढ़ाता है। जीतने पर अगली बार की चुनौतियों के लिए और अधिक तैयार होने के लिए अवसर मिल जाता है। जो कुछ भी पहले से है, उससे संतुष्ट न होना ही महत्वाकांक्षा है। क्षमताओं और निपुणताओं को व्यापक करने के लिए क्रिया और आगे बढ़ने का प्रयास अनिवार्य है। चुनौतियां लेना महत्वाकांक्षा की प्रक्रिया का एक भाग है। मानव व्यवहार के सभी संवेगों में महत्वाकांक्षा सबसे शक्तिशाली है। इसमें बहुत कुछ खोना भी पड़ता है। चुनौतियां काम को अधिक संतोषजनक बनाती है। महत्वाकांक्षा सभी में पायी जाती है, पर इसका एक पैमाना होता है जिस पर निर्भर करता है कि कितनी दूर जाने की इच्छा है और कितने में प्रसन्नता कायम रह सकती है। महत्वाकांक्षा ऊर्जा व दृढ़ता है परन्तु यह लक्ष्यों को पूर्ण करने का आमंत्रण भी है।

ऊर्जा व उद्देश्य रखने वाले सफलता पाते हैं।जो माता - पिता कठिन परन्तु वास्तविक चुनौतियों का सामना करते हैं, वे सफलता का अनुमोदन करते हैं, सफलता को सहज लेते हैं और उनके बच्चे अधिकतम आत्मविश्वासी होते हैं। सुख के सूत्र की यह उड़ान मूल्यवान है।मनुष्य से बड़ा कोई सत्य नहीं है। पुरुषार्थ में आस्था, विश्वास और संघर्ष की विजय का संदेश छिपा रहता है। किसी को पकड़कर कभी कोई शिखर पर नहीं पहुंचता।

लघु कथा

नया और बेहतर करें



एक लौहार ने बढ़ई के लिए कुछ हथौड़े बनाए। उनकी बहुत तारीफ हुई उसके बाद एक ठेकेदार ने उसे ज्यादा दाम पर कई और हथौड़े बनाने का काम सौंपा। पर इस शर्त के साथ कि हथौड़े पहले की तुलना में बेहतर होने चाहिए।इस पर लुहार ने यह कहते हुए हथौड़े बनाने से मना कर दिया कि मैं अपने हर काम में सौ प्रतिशत देता हूं और इससे अच्छे हथौड़े बनाने का वादा करने का अर्थ यह मानना होगा कि मैंने पहले वाले हथौड़ों में कोई कमी छोड़ी थी। जाहिर है, लौहार ने अपने सीखने के रास्ते बंद कर लिए थे। हर काम में अपना सौ प्रतिशत देना चाहिए। मगर आपने अपने काम को सर्वश्रेष्ठ मानकर बेहतरी, का प्रयास करना ही छोड़ दिया तो आगे बढ़ने और तरक्की करने के रास्ते बंद हो जाएंगे। हर काम में नया और बेहतर करने की गुंजाइश हमेशा होती है।

नारायण सेवा संस्थान
नर सेवा नारायण सेवा

उड़ान

माउंट विन्सन पर दिव्यांग ने फहराया तिरंगा

➲ कृत्रिम पैर के सहारे 3 जनवरी को माउंट विन्सन चोटी पर अरुणिमा सिन्हा ने तिरंगा लहराया। कृत्रिम पैर के सहारे अरुणिमा अभी तक 6 प्रमुख चोटियों को फतह कर चुकी हैं। अरुणिमा ने ट्वीटर पर लिखा कि 'आप सभी की दुआओं और प्यार के लिए शुक्रिया, जय हिन्द। उल्लेखनीय है कि अरुणिमा दुनिया की पहली ऐसी दिव्यांग महिला हैं जिन्होंने अंटार्कटिका के सबसे ऊंचे शिखर माउंट विन्सन को फतह किया है। उनकी कामयाबी पर प्रधानमंत्री ने हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि आप देश का गौरव हैं, जिन्होंने अपनी मेहनत के दम पर एक नया मुकाम हासिल किया है। 'एक कृत्रिम पैर के सहारे अरुणिमा सिन्हा अभी तक एवरेस्ट, किलीमंजारो, एलबूस, कास्टेन पिरामिड, किजाश्को और माउंट अंककागुआ पर्वत चोटियों पर फतह हासिल कर चुकी हैं।

विश्व रिकॉर्ड की तैयारी

➲ राजस्थान के राजसमन्द जिले के केलवा गांव के दिव्यांग तैराक जगदीश तैली ने इंग्लिश चैनल पार करने के बाद अब कैलिफॉर्निया अमेरिका के कैटलीना चैनल को पार करने का लक्ष्य बनाया है। इसके लिए वे जी जान से तैयारी में जुटे हैं। उल्लेखनीय है कि उनका 24 जून 2018 को अन्य तीन दिव्यांग तैराकों के साथ इग्लिश चैनल को पार करने का लिम्का बुक में रिकॉर्ड दर्ज है। इंडियन पैरा रिले टीम इंग्लिश चैनल के रिकॉर्ड से बहुत उत्साहित है। इसलिए ही इसने अपना अगला लक्ष्य कैटलीना चैनल को बनाया है। राजस्थान से वे एक मात्र पैरा स्वीमर हैं, जबकि टीम के अन्य सदस्य महाराष्ट्र के चेतन गिरधर राउत,ग्वालियर से सत्येन्द्र सिंह और पश्चिम बंगाल से रिमो साहा हैं। कैटलीना चैनल 42 कि.मी लम्बा है। इस विश्व रिकॉर्ड की खास बात यह होगी कि वही रिले टीम इस चैनल को पार करेगी, जिसने इंग्लिश चैनल पार किया है। चैनल के लिए पुणे में कोच रोहन मोरे ट्रेनिंग दे रहे हैं। इस चैनल को पार करने में अनुमानित 12 से 15 घंटे का समय लगता है। जगदीश और टीम को इंग्लिश चैनल पार करने में 12 घंटे 26 मिनट का समय लगा था।

लोक कथा

अहंकार का परिणाम दुख

➲ एक गांव में एक मूर्तिकार रहता था। वह ऐसी मूर्तियां बनाता था जिन्हें देख कर हर किसी को मूर्तियों के जीवंत होने का भ्रम हो जाता था । उस मूर्तिकार को अपनी कला पर बहुत अभिमान था। जीवन के सफर में एक वक्त ऐसा भी आया जब उसे लगने लगा कि अब उसकी मृत्यु होने वाली है। वह परेशानी में पड़ गया। उसने यमदूतों को भ्रमित करने के लिए एक योजना बनाई। उसने हूबहू अपने जैसी दस मूर्तियां बनाई और खुद उन मूर्तियों के बीच जाकर बैठ गया। यमदूत उसे लेने आए तो एक जैसी 11 आकृतियों को देखकर दंग रह गए। वे पहचान नहीं कर पा रहे थे कि उन मूर्तियों में से मनुष्य कौन है। अचानक एक यमदूत को मानव स्वभाव के सबसे बडे दुर्गुण अहंकार को परखने का विचार आया। उसने मूर्तियों को देखते हुए कहा,'कितनी सुन्दर मूर्तियां हैं लेकिन मूर्तियों में एक त्रुटी है।' यह सुनकर मूर्तिकार का अहंकार जाग उठा। वह बोल उठा, 'कैसी त्रुटी?' झट से यमदूत ने उसे पकड़ लिया और कहा, 'बस यहीं गलती कर गए तुम अहंकार में,मूर्तियां बोला नहीं करती।' इस कहानी से सबक मिलता है कि अहंकार ने हमेशा मनुष्य को परेशानी और दुख ही दिया है।

हस्त शिल्प

आर्ट एवं क्राफ्ट सेंटर का शुभारंभ

निराश्रित एवं दिव्यांग बालकों को आत्मनिर्भर बनाने की दृष्टि से नारायण सेवा संस्थान के हिरणमगरी सेक्टर-4 स्थित मानव मंदिर परिसर में 1 फरवरी को संस्थापक-चेयरमैन पद्मश्री कैलाश जी 'मानव' व संस्थान अध्यक्ष सेवक प्रशांत भैया ने 'दिव्य हिरोज' आर्ट एवं क्राफ्ट सेंटर का उद्घाटन किया।

सेंटर में दिव्यांग बच्चों को हस्तशिल्प का 6 माह का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। संस्थान द्वारा निःशुल्क पोलियो करेक्टिव सर्जरी, युवा दिव्यांगो के लिए रोजगारपरक विभिन्न प्रशिक्षणों व उनके पुर्नवास के साथ ही दिव्यांग बच्चों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए इस नई परियोजना को शुरू किया गया है। कार्यक्रम को पूज्य श्री कैलाश जी 'मानव', सहसंस्थापिका श्रीमती कमलादेवी जी अग्रवाल, निदेशक वंदना जी अग्रवाल व आकाशवाणी के कार्यक्रम अधिशासी श्री राजेन्द्र जी सेन ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। अतिथियों का स्वागत प्रभारी दल्लाराम पटेल व गोपेश शर्मा ने तथा संचालन ओमपाल सीलन ने किया।

प्रवासी सम्मेलन में नारायण सेवा

वाराणसी के प्रवासी सम्मेलन में अतिथियों के साथ दिव्यांग बच्चें

वाराणसी में 21-23 जनवरी, 2019 को भारत सरकार द्वारा आयोजित प्रवासी भारतीय सम्मेलन में नारायण सेवा संस्थान द्वारा दिव्यांगो की सेवा और सहायता को दर्शाने वाली स्टॉल को व्यापक सराहना मिली। संस्थान अध्यक्ष सेवक प्रशांत भैया व निदेशक श्रीमती वंदना अग्रवाल ने सम्मेलन में भाग लिया। स्टॉल में संस्थान द्वारा दिव्यांगों को उपलब्ध निशुल्क चिकित्सा और सहायक उपकरणों की प्रदर्शनी लगाई गई। अतिथियों के सम्मुख दिव्यांग बच्चों ने मन मोहक प्रस्तुतियां दी। स्टॉल का उत्तराखण्ड की राज्यपाल बैबीरानी मौर्य सहित अनेक भारतीय प्रवासियों, अधिकारियों और राजनेताओं ने अवलोकन किया।

शहादत को सलाम

श्रद्धांजलि अर्पित करते संस्थान अध्यक्ष व साधकगण

जम्मू - कश्मीर के पुलवामा में पाकिस्तान समर्थक आतंकवादियों द्वारा 14 फरवरी को सेना पर हुए एक बड़े हमले में शहीद सैनिकों को नारायण सेवा संस्थान ने श्रद्धासुमन अर्पित किए। संस्थान संस्थापक श्री कैलाश जी 'मानव' व अध्यक्ष श्री प्रशांत जी अग्रवाल ने इस कायराना हमले की निंदा करते हुए इसे सम्पूर्ण मानवता पर हमला बताया। शहीद हुए बिनोल (राजसमंद) के वीर सपूत श्री नारायण गुर्जर के निवास पर संस्थान के प्रतिनिधि शीतल अग्रवाल व भूपेन्द्र गौड़ पहुंचे और शहीद की पत्नी श्रीमती मोहनी देवी जी व बच्चों हेमलता व मुकेश को सान्त्वना प्रदान करते हुए परिवार को हर संभव सहायता का आश्वासन दिया।

नारायण सेवा संस्थान
नर सेवा नारायण सेवा

चिकित्सा सहायता

कालिंदी का दुःख होगा दूर

बिहार के गोपालगंज की रहने वाली कालिंदी की दांयी आँख के ऊपर गांठ होने से उसे दिखाई देना बिलकुल बंद हो गया था। यह गांठ जन्मजात थी, जो उम्र के साथ बढती गई और 33 साल की उम्र तक पहुंचते वह इतनी बड़ी हो गई कि वह आँख के आगे तक लटकने लगी। इससे उसे चेहरे पर भी बोझ महसूस होता था और दैनिक कार्यो में काफी तकलीफ होती थी। पति दिहाड़ी मजदूरी कर पांच सदस्यीय परिवार का भरण-पोषण व डॉक्टरों के अनुसार दवा में खर्च करते रहे, किन्तु इस जटिल रोग से निवारण का विकल्प सिर्फ सर्जरी था। जिसमें खर्च का जुगाड़ इस गरीब परिवार के बस में नही था। उधर कालिंदी की तकलीफ से पूरा परिवार दुखी था। उन्हें किसी सज्जन ने नारायण सेवा संस्थान से मदद लेने की सलाह दी। संस्थान अब तक अनेक बच्चों व लोगों के जटिलतम उपचार में दानवीरों के माध्यम से सहयोग कर चुका है। पति-पत्नी ने उदयपुर आकर संस्थान सेवक प्रशांत भैया से भेंट की और उन्हें अब तक के इलाज और रोग और परिवार के आर्थिक हालातों से उन्हें अवगत कराया। संस्थान ने तत्काल दानवीरों से सम्पर्क कर कालिंदी को इस जटिल समस्या से राहत दिलाने के लिए ऑपरेशन खर्च की व्यवस्था करवाई।

निखिल को मिला जीने का सहारा

नागपुर (महाराष्ट्र) निवासी निखिल उखरांड (32) कूल्हे में दर्द की समस्या से काफी समय से परेशान थे। परिवार में वे एवं उनकी माता हैं। खराब स्वास्थ्य के कारण मां-बेटे चाय की थड़ी लगाकर अपना पेट पालते हैं। डॉक्टर के अनुसार निखिल के कूल्हे की हड्डी पूरी तरह गल चुकी है। इसी वजह से उन्हें उठने - बैठने एवं सोने में दिक्कत आती है। इससे राहत का एक मात्र विकल्प ऑपरेशन है, जिस पर करीब 2 लाख रूपये का खर्च होगा। बूढी माँ के लिए यह खर्च उठाना असम्भव था। तभी किसी परिचित ने उन्हें नारायण सेवा संस्थान के विभिन्न निःशुल्क सेवा प्रकल्पों की जानकारी दी। इस पर उन्होंने उदयपुर आकर संस्थान को निखिल के खराब स्वास्थ्य एवं परिवार की कमजोर आर्थिक स्थिति से अवगत कराकर मदद की मांग की। स्थिति की गंभीरता को समझते हुये संस्थान ने दानदाताओं के सहयोग से निखिल का ऑपरेशन करवाया जो सफल रहा।

दुनिया देखेंगे मुकेश

जन्म से ही आंखों की रोशनी से वंचित मुकेश (16) दूसरे ऑपरेशन के बाद अपनी आंखो से दुनिया देख सकेंगे। डॉक्टर के इस आश्वासन के बाद नारायण सेवा संस्थान ने उनके ऑपरेशन का खर्च वहन करने का जिम्मा उठाया। चितौड़ के जन्मजात प्रज्ञाचक्षु इस बालक का नाना-नानी ने पालन-पोषण किया और बाद में उसे नारायण सेवा संस्थान ने पढाई के लिए गोद लिया। यहां पढ़-लिखने के साथ ही आंखों का एक ऑपरेशन भी कराया गया।दूसरे ऑपरेशन के लिए डॉक्टर के अनुसार 16000 रु का खर्च उपलब्ध कराया गया है।पूर्व के ऑपरेशन के लिए 31000 रु की मदद की गई थी। मुकेश वर्तमान में जयपुर के एक संस्थान में संगीत एवं नृत्य की शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं।

कुम्भ क्षेत्र

संत-समुदाय का मिला अनवरत आशीर्वाद

दिव्यांग चिकित्सा एवं सेवा शिविर को बताया अनूठा

प्रयागराज के कुंभ मेला क्षेत्र में नारायण सेवा संस्थान की ओर से 1लाख वर्ग फिट में श्रद्धालुओं के आवास, भोजन, सत्संग एवं दिव्यांगजन की सहायतार्थ निःशुल्क चिकित्सा एवं सेवा शिविर स्थापित किया गया है। जिसका उद्घाटन संस्थान-संस्थापक आचार्य महामण्डलेश्वर पूज्य श्री कैलाश जी 'मानव', व अध्यक्ष सेवक श्री प्रशांत भैया ने किया। इस दौरान संस्थान निदेशक श्रीमती वंदना अग्रवाल ट्रस्टी-निदेशक श्री देवेन्द्र जी चौबीसा, शिविर प्रभारी अनिल आचार्य, डॉ.ए.एस.चूण्डावत, महिम जैन, रोहित शर्मा, कुलदीप शेखावत, गोविन्द शर्मा आदि भी उपस्थित थे।

स्वच्छता आर्मी का गठन

महाकुंभ क्षेत्र में 17 जनवरी को नारायण सेवा मित्र स्वयं सेवक प्रकल्प का उद्घाटन प्रयागराज के विधायक संजय गुप्ता ने किया। ये स्वयं सेवक व्हील चेयर आर्मी और स्वच्छता आर्मी के रुप में काम करते हुए शिविर के चिकित्सा प्रकोष्ठ में निशुल्क ऑपरेशन के लिए आने वाले दिव्यांगों की मदद के साथ ही मेला क्षेत्र में सफाई एवं स्वच्छता में सहयोग कर रहे हैं। गुप्ता ने कुंभ क्षेत्र में इस तरह के सेवा शिविर को महत्वपूर्ण एवं पीड़ित मानवता की सेवा करने वाला बताया। संस्थापक चेयरमैन पूज्य मानवजी ने उत्तरप्रदेश शासन द्वारा मेले के कुशल प्रबंधन की सराहना की। इससे पूर्व जूना पीठाधीश्वर पूज्य अवधेशानन्द गिरी जी ने सेवा शिविर में दिव्यांग शल्य चिकित्सा ईकाई का उद्घाटन किया।

मेला प्रशासक का दौरा

प्रयागराज महाकुंभ मेला प्रशासक जे.पी मिश्रा ने भी सेवा एवं चिकित्सा शिविर का अवलोकन किया। उन्होंने दिव्यांगों के लिए कृत्रिम अंग एवं केलिपर कार्यशाला तथा पूर्व पोलियोग्रस्त बच्चों की पोलियो करेक्टिव सर्जरी को देखा और प्रशंसा की। आस्था चैनल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री प्रमोद जी जोशी ने भी शिविर का अवलोकन किया। इस अवसर पर संस्थान निदेशक

देवेन्द्र चौबीसा और प्रवक्ता रोहित शर्मा भी उपस्थित थे।

पधारीं राज्यपाल

उत्तराखण्ड की राज्यपाल श्रीमती बेबीरानी मौर्य ने 25 जनवरी को निःशुल्क पोलियो करेक्टिव सर्जरी केंप का उद्घाटन किया। उन्होंने केलिपर्स वर्कशॉप के अवलोकन के साथ ही श्रीमद् भागवताचार्य शाश्वत जी महाराज से कथा विश्राम के दौरान आशीर्वाद प्राप्त किया। उनके साथ समाजसेवी श्री सत्यभूषण जैन भी थे। प्रयागराज विधायक संजय गुप्ता, उप मेला अधिकारी राजीव राय व भाजपा अध्यक्ष अमित शाह के सचिव राकेश मिश्रा ने भी शिविर का अवलोकन किया तथा पूज्या विश्वेश्वरी देवीजी द्वारा की जा रही हरि कथा में भाग लिया। शिविर प्रभारी अनिल आचार्य ने उनका स्वागत किया।

स्वामी रामदेव जी ने सराही सेवाएं

सेवा एवं चिकित्सा शिविर में 2 फरवरी को योग गुरु स्वामी रामदेवजी ने दिव्यांगों के निशुल्क शल्य चिकित्सा शिविर का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने संस्थान के साथ अपने 20 वर्षों के जुड़ाव को याद करते हुए संस्थापक श्री कैलाश जी मानव तथा अध्यक्ष श्री प्रशांत जी के सेवा कार्यों की सराहना की। संस्थान निदेशक श्री देवेन्द्र जी चौबीसा ने उनका स्वागत करते हुए संस्थान के निशुल्क सेवा प्रकल्पों की जानकारी दी। इस दौरान भागवताचार्य डॉ.संजय कृष्ण जी सलिल, श्री संजीव कृष्ण जी ठाकुर और श्री सतुआ बाबा भी उपस्थित थे।

जन की पूजा ही जनार्दन पूजा

सेवा एवं चिकित्सा शिविर में आर्ट ऑफ लिविंग के प्रणेता श्री श्री रविशंकर जी और लेबनान के राजदूत राबी नार्ष ने 3 फरवरी को दिव्यांगों के निःशुल्क शल्य चिकित्सा शिविर का अवलोकन किया। संस्थान द्वारा संचालित केलिपर वर्कशॉप व प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस अवसर पर श्री श्री रविशंकर जी ने कहा कि नारायण सेवा संस्थान दिव्यांगों और गरीबों के चेहरे पर मुस्कान लाने का कार्य कर रहा है, उन्होंने कहा कि जन की पूजा ही जनार्दन पूजा है। इस दौरान भागवताचार्य डॉ.संजय कृष्ण जी सलिल, श्री संजीव कृष्ण जी ठाकुर व श्री दयालु जी महाराज भी उपस्थित थे।

कुंभ के दौरान संस्थान के सेवा शिविर में दिव्यांगों के निशुल्क पोलियो करेक्टिव ऑपरेशन एवं अन्य सेवा कार्यों के साथ प्रतिदिन भजन, सत्संग, कथा ज्ञान यज्ञ एवं राम कृष्ण लीलाओं के आयोजन भी हो रहे हैं। दिल्ली के मनोज - रिया ग्रुप के कलाकार जहां लीलाओं एवं अन्य भक्तिभरक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दे रहे हैं, वही संस्थान संस्थापक आचार्य महामण्डलेश्वर पूज्य श्री कैलाश जी मानव, संस्थान अध्यक्ष सेवक प्रशांत भैया, साध्वी भारती जी, पूज्य राधा किशोरी जी, यामिनी देवी जी, पूज्य शाश्वत जी महाराज, साध्वी विश्वंभरा जी, पूज्या प्राची देवी जी, भागवताचार्य डॉ. संजय कृष्ण जी सलिल, श्रीधराचार्य जी, पूज्य संजीव कृष्ण जी ठाकुर, पूज्य दयालु जी महाराज, शिवाकांत जी महाराज, सुमन किशोरी जी , पूज्य बृजनन्दन जी महाराज, पूज्य विनोद जी चतुर्वेदी, श्री रामकृष्ण जी महाराज, श्री बालव्यास जी आदि सन्त- महात्माओं व साध्वियों ने विविध कथाओं का पारायण किया। प्रसिद्ध भजन गायक श्याम प्रेमी नन्दू भैया, भागवताचार्य पूज्य राजीव कृष्ण जी भारद्वाज व श्री अरविन्द जी महाराज ने भी शिविर का अवलोकन किया।

संस्थान समाचार

फिजियोथैरेपी सेन्टर का लोकार्पण

➲ महाराष्ट्र के भायन्दर-ईस्ट थाणे में संस्थान एवं श्री उमराव सिंह जी ओस्तवाल के संयुक्त तत्वावधान में ओसवाल बगीचा में कृत्रिम अंग वितरण शिविर व दिव्यांग टेलेंट शो संपन्न हुआ। शिविर में निशुल्क फिजियोथैरेपी सेन्टर का उद्घाटन संस्थान के अध्यक्ष प्रशांत जी अग्रवाल ने किया। अध्यक्षता समाजसेवी उमराव सिंह जी ओस्तवाल ने की। विशिष्ट अतिथि कान्तीलाल जी बाबेल, हरि सिंह जी नाहर, दिनेश जी चौधरी, अनिल जी बोहरा, सीमा जी पारिख, भावना जी तिवाड़ी, नरवाना शाखा अध्यक्ष धर्मपाल जी गर्ग व समाजसेवी कमल जी लोढ़ा थे। शिविर में पी एण्ड ओ डॉ. नाथू सिंह जयपुर व उनकी टीम ने परीक्षण कर 17 दिव्यांगों के बनाने के लिए नाप लिए। संस्थान के वरिष्ठ साधक श्री दल्लाराम पटेल व रोहित तिवारी ने शिविरार्थी दिव्यांगों एवं अतिथियों का स्वागत किया। साधक हरिप्रसाद लढढ़ा ने संचालन किया।

भजन गायकों द्वारा संस्थावलोकन

➲ नारायण सेवा संस्थान के बड़ी स्थित लियो का गुड़ा स्थित चैनराज सावंतराज पोलियो हॉस्पीटल में पिछले माह सुप्रसिद्ध भजन गायक दिनेश वैष्णव छापरी, कमलेश राव साकरोदा, चीनूदास वैष्णव, रमेश वैष्णव व साथी कलाकारों ने जन्मजात पोलियोग्रस्त बच्चों के निःशुल्क चिकित्सा शिविर का उद्घाटन किया। 24 जनवरी के उक्त आयोजन के बाद 2 फरवरी को जानी-मानी भजन गायिका मधुबाला राव ने भी संस्थान का अवलोकन कर निःशुल्क ऑपरेशन से स्वस्थ हुए पूर्व पोलियोग्रस्त बच्चों से मुलाकात की व उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। कार्यक्रम का संचालन आदित्य चौबीसा ने किया।

क्रीड़ागंन

एनसीए का खेल उत्सव

➲ संस्थान की नारायण चिल्ड्रन एकेडमी व भगवान महावीर निराश्रित बालगृह के बच्चों का वार्षिक खेल उत्सव 19 जनवरी को संस्थान के डबोक स्थित भूमिमाता परिसर में संपन्न हुआ। खेल उत्सव में 300 बच्चों ने भाग लिया। विशिष्ट अतिथि श्री नानालाल नागदा ने कहा कि खेल का मैदान जीवन को सही ढंग से जीने की कला सिखाता है। रामावि धूणीमाता के प्रधानाचार्य संजय कुमार ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा के साथ-साथ नियमित खेलकूद भी आवश्यक हैं। इस अवसर पर श्री शांतिलाल जी, श्री नारायणलाल जी, श्री मांगीलाल जी व श्री नारुलाल जी भी उपस्थित थे। खेल उत्सव में तीन टांग दौड़, 100 मीटर दौड़, लेमन स्पून रेस, क्रिकेट बॉल थ्रो, जलेबी रेस, लंबी कूद, होपिंग रेस, बोरा रेस आदि प्रतियोगिताएं हुई। एनसीए के प्राचार्य श्री महिपाल सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया।

नारायण सेवा संस्थान
नर सेवा नारायण सेवा

सत्संग

श्री राम -कृष्ण कथा अमृतम्

प्रयागराज के कुंभ मेला क्षेत्र में संस्थान के सेवा शिविर में 13 से 15 जनवरी 2019 तक पूज्य गुरुदेव श्री कैलाश जी 'मानव' ने 'श्रीराम- कृष्ण कथा अमृतम्' में व्यासपीठ से जो विचार व्यक्त किए उन्हें यहां संक्षिप्त रुप से प्रस्तुत किया जा रहा है। कार्यक्रम का संचालन श्री महिम जैन ने किया।

प्रेम ही सुखद् परिवार की नींव

सुख और दुख शरीर को होता है, आत्मा को नहीं। जीवन में ऐसा कार्य करते रहें जिससे हमें सत्य की प्राप्ति हो। भगवान की कृपा से मिले धन का उपयोग भगवान के कार्य में भी करें और दुखी और पीड़ितों का सहारा बनें ताकि जीवन संवर सके। जिस व्यक्ति ने सत्य छोड़ दिया उस व्यक्ति के पास कभी धन-लक्ष्मी नहीं रुकती, क्योंकि लक्ष्मी को सदा सत्य प्रिय है। सत्य का मार्ग ही भगवान की कृपा पाने का मार्ग है। परमात्मा के प्रति श्रद्धा व विश्वास रखने से संकल्प की पूर्ति में सफलता मिलती है। मनुष्य को हमेशा समाज व परिवार के लिए अपना दायित्व निभाते रहना चाहिए। हमारी सबसे बड़ी विडम्बना दूसरों की ओर देखना है, अपने आपको कोई नहीं देखता, यदि हम अपने आपको देखकर अपनी भूलों का सुधार कर लें तो कभी दुखी नहीं होंगे। अपने आपसे प्रेम करते हुए यदि हम प्रभु के शरणागत हो जाएं तो वे हमारी हर समस्याओं के निदान में सहायक बनेंगे। समय बड़ा बलवान है, उसे समझना बहुत कठिन है। जब श्रीराम के राज्याभिषेक की तैयारियां चल रही थीं, तब किसी को नहीं पता था कि उन्हें राजगद्दी की बजाए 14 वर्ष के लिए वनवास भुगतना पड़ेगा। जिस परिवार में प्रेम स्नेह,अपनत्व,सकारात्मक सोच है वहीं परमात्मा प्रकट होते हैं। प्रेम परिवार की नींव है, और जिस परिवार में स्नेह, प्रेम, शांति व सुख होता है वह परिवार मंदिर के समान है, जहां मंदिर है परमात्मा वहां स्वतः आ जाते हैं। चरित्र के तीन रूप हैं विचार, भावना व क्रिया। क्रिया से चरित्र बनता है, चरित्र से विचार और विचार से भाव उत्पन्न होता है। इनके समन्वय से ही व्यक्तित्व बनता है।

विधिक शिविर

दिव्यांगों को मिले सहायक उपकरण

राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, उदयपुर के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम पंचायत मेनार के राजकीय आदर्श उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में 21 जनवरी को संपन्न विधिक सेवा शिविर में नारायण सेवा संस्थान की ओर से जन्मजात व दुर्घटना से अंग विहीन हुए 8 दिव्यांगजन को कृत्रिम अंग एवं 10 प्रशिक्षित दिव्यांगों को मोबाईल सुधार किट व सिलाई प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले 10 युवक-युवतियों को सिलाई मशीनों सहित टूल किट वितरित किए गए। 6 ट्राई साईकिलों का वितरण भी किया गया। केलिपर वर्कशॉप भी लगाई गई। विधिक सेवा शिविर की अध्यक्षता जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जिला सत्र न्यायाधीश माननीय रविन्द्र कुमार माहेश्वरी ने की। मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक श्री कैलाश चन्द्र विश्नोई थे। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव एवं अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश रिद्धिमा शर्मा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट वल्लभनगर सावित्री आनंद निर्भीक व वल्लभनगर बार अध्यक्ष मुकेश मेनारिया विशिष्ट अतिथि थे। नारायण सेवा संस्थान द्वारा दिव्यांगजन के हितार्थ प्रायोजित विभिन्न सेवा प्रकल्पों की जानकारी वरिष्ठ साधक दल्लाराम पटेल व फतह सिंह चौहान ने देते हुए अतिथियों का स्वागत किया।

सहायता शिविर

कुआं प्यासे के पास

मऊ में दिव्यांग चयन शिविर

संस्थान की ओर से 13 जनवरी 2019 को मऊ के डीसीएसके महाविद्यालय परिसर में भारत विकास परिषद के सहयोग से जन्मजात पोलियोग्रस्त बच्चों व किशोर- किशोरियों के निशुल्क ऑपरेशन के लिए चयन एवं जरुरतमंदों के लिए सहायक उपकरण वितरण शिविर लगाया गया। जिसमें कुल पंजीकृत 161 दिव्यांगों में से ऑपरेशन योग्य 34 का चयन किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष श्री मुहम्मद तैयब पालकी थे। अध्यक्षता भारत विकास परिषद,मऊ की अध्यक्ष डॉ. अलका रॉय व विशिष्ट अतिथि वाराणसी शाखाध्यक्ष प्रदेश मंत्री नरेश जी, श्री रमेश जी लालवानी, मुख्य विकास अधिकारी श्री आशुतोष त्रिवेदी, डीसीएस स्कूल के प्राचार्य श्री ए.के मिश्रा जी व प्रान्तीय उपाध्यक्ष श्री अशोक जी अग्रवाल थे। अतिथियों का स्वागत प्रभारी श्री हरिप्रसाद लढ्ढा ने किया। अतिथियों ने 15 दिव्यांगजन को ट्राई साइकिल, 5 को व्हील चेयर, 44 को कैलिपर्स तथा 20 को बैसाखियों का वितरण किया। संस्थान के डॉ पंकज कुमार ने दिव्यांगों की जांच की ।

फरीदाबाद में कृत्रिम अंग वितरण

नारायण सेवा संस्थान व अग्रवाल समाज सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान फरीदाबाद में आयोजित शिविर में जिन दिव्यांगजन को कृत्रिम अंग लगाने के लिए नाप लिए गए थे, उन्हें 12 जनवरी 2019 को सेक्टर 21 डी के महाराजा अग्रसेन मंदिर में आयोजित शिविर में कृत्रिम अंग प्रदान कर दिए गए। 37 दिव्यांगजन को कृत्रिम अंग एवं 18 को केलीपर्स प्रदान किए गए। शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि श्री ओमप्रकाश जी बंसल ने किया। अध्यक्षता अग्रवाल समाज के महासचिव श्री आनन्द जी गुप्ता ने की। विशिष्ट अतिथि श्री जय प्रकाश जी बंसल, श्री मुरारी लाल जी गर्ग, श्री एस .एस जैन, श्री सुरेश जी गर्ग व श्री संजय जी गोयल थे। अतिथियों का स्वागत संस्थान के शाखा अध्यक्ष श्री नवल किशोर जी गुप्ता ने किया। संस्थान के पी एण्ड ओ लोकेन्द्र सिंह ने दिव्यांगों की जांच की।

रामपुर में 320 दिव्यांगजन की जांच

रामपुर (उ.प्र) के राजारानी वैंक्वेट हॉल में 2 फरवरी को आयोजित शिविर में 320 दिव्यागजन का पंजीयन हुआ। जिनका संस्थान के चिकित्सक डॉ. पी बेहरा ने जांच कर 29 का निशुल्क पोलियो करेक्टिव सर्जरी के लिए चयन किया। मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य ठा. रामवीर सिंह थे। भाजपा जिला उपाध्यक्ष श्री राम प्रकाश लोधी ने अध्यक्षता की।

विशिष्ट अतिथि श्रणिक फूड प्रा. लि के श्री मुकेश कुमार, समाजसेवी हरपाल सिंह, श्रीमती सरोज देवी,श्री सोनू रस्तोगी व सोहन लाल राजपूत थे। शिविर प्रभारी हरि प्रसाद लढढ्ढा व भरत भटट् ने अतिथियों का स्वागत-सम्मान किया। शिविर में 12 दिव्यांगजन को कृत्रिम अंग(हाथ-पांव), 15 को ट्राईसाइकिल, 5 को व्हील चेयर व 20 को बैसाखी की जोड़ियां प्रदान की गई।

औरंगाबाद में कृत्रिम अंग नाप शिविर

नारायण सेवा संस्थान के तत्वावधान एवं रमणीक भाई-प्रेम जी भाई पटेल के सौजन्य से 5 फरवरी 2019 को महाराष्ट्र के औरंगाबाद स्थित अभिषेक अपार्टमेंट में कृत्रिम अंग नाप शिविर संपन्न हुआ। शिविर में 53 अंग विहीन (कटे हुए हाथ-पांव) का पंजीयन हुआ। जिनमें से पी एण्ड ओ डॉ. श्रीनिवास.के ने परीक्षण कर 37 दिव्यांगों के कृत्रिम अंग बनाने के लिए नाप लिए। चयनित दिव्यागों को 12 मार्च को कृत्रिम अंग वितरित होंगे। शिविर प्रभारी साधक फतेह सिंह ने शिविर का संचालन किया।

स्नेह मिलन

फरीदपुर में टेलेंट शो

